Secondly, the enhancement — as my all other colleagues have pointed out — of the compensation payable to a worker for death has been increased from Rs. 80,000 to Rs. 1,20,000 and so also for disability, it is from Rs. 90,000 to Rs. 1,40,000. Sir, what I don't understand is, in Tamil Nadu Government, even for the unorganized sector workers, if any unorganized sector worker dies, his family is compensated with Rs. 1 lakh. Compared to that, this is very less and I couldn't understand the rationale behind how a disabled person is getting more whereas the dependant of a diseased person is getting less? ...*(Interruptions)*... Excuse me. I am trying to bring something to the notice of the Minister. The disabled person is getting Rs. 1,40,000, whereas, a diseased person and his dependants will get only Rs. 1,20,000. If the argument goes in a way, as my senior colleague, the former Minister, told me very clearly, that the man who is disabled has to undergo much pains, he lives in anguish, his future life is at stake and so he wants this enhancement. But as far as I am concerned, Sir, what I would like to submit to the Minister is, a disabled person, of course, undergoes some miseries. But, at the same time, if a person dies, his family is totally deprived of any income or any person to support. So, I would like to suggest to the Minister that the compensation given for the dependants of a person who has died should be enhanced more than to that of the disabled or, at least, both should be equal. This is my suggestion. Sir, there are two other things which are to be very much welcomed.

The amendment made in Section 4 of the principal Act says, 'Provided that the Central Government may, by notification in the Official Gazette, from time to time, enhance the amount of compensation mentioned in clauses (a) and (b).' So, by way of notification itself it empowers the Government to enhance the compensation or the minimum wages. So also, sub-section (1)

of Section 20 of the principal Act says, 'after the words "appoint any person"— this is an amendment to be welcomed wholeheartedly by all— the words "who is or has been a member of a State Judicial Service for a period of not less than five years or is or has been for not less than five years an advocate or a pleader or is or has been a Gazetted Officer for not less than five years having educational qualifications and experience in personnel management, human resource development and industrial relations" shall be inserted'. So, this lays some qualifications for the Commission. Earlier, we could not understand, Sir, how any person without any qualification could have been made Commissioner. It has been existing for all these days. And it is the right time that the condition that the Commissioner has to possess some qualifications has been brought in.

Another provision that has been provided for in this Act is that any matter relating to compensation must be disposed of within a period of three months from the date of reference. This time fixation will fetch the affected persons the necessary compensation that has to reach them. After death or disability of any person, a workman, hereafter to be called an employee, for the family which has to run hither and tither to get compensation, it is a very strenuous effort and this provision would assure them that they would get compensation within three months.

My foremost query to the hon. Minister is: It is said that this Act is not applicable to the employees who are covered under the Employees State Insurance Act, 1948. I can understand that. But, at the same time, this Act includes a Master Seaman or other members of the crew of a ship, a Captain or other member of the crew of an aircraft. So, while the Captain of an aircraft can be included in this, whereas he is eligible for some compensation in any other manner, I don't understand why employees who come under the ESI are exempted. While making these points for consideration, I welcome this Bill for all the amendments that have been made, at least, now; they should have been brought in much earlier. I hope, the points that I have made to the Minister would be considered and they would bring relief to the employees in future.

श्रीमती विप्लव ठाकुर (हिमाचल प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, यह जो 'The Workmen's Compensation (Amendment) Bill, 2009' लाया गया है, मैं इसके समर्थन में खड़ी हुई हूं। यह बहुत ही सही समय पर, बहुत ही उचित बिल लाया गया है। अभी यहां पर बहुत कुछ कहा गया है, मैं उन सब बातों को रिपीट नहीं करूंगी। सबसे बड़ी बात मुझे यह लगी कि यहां जो compensation के बारे में कहा गया है कि employee की death पर हम 1,40,000 रुपया देने जा रहे हैं और permanent disability के लिए 1,60,000 रुपया देने जा रहे हैं। यहां पर मेरा प्वाइंट यह है कि जो एक्सिडेंट में घायल हो जाते हैं और जिन्हें पांच-पाचं, छः-छः महीने बिस्तर पर पड़े रहना पड़ता है, उनके लिए compensation उतना नहीं रखा गया है, जबकि उनको compensation की ज्यादा जरूरत होती है। एक्सिडेंट में कई बार व्यक्ति की बाजू टूट जाती है, टांग टूट जाती है, कई बार स्पाइनल इंजरीज़ हो जाती हैं अथवा कुछ और इंजरीज़ हो जाती हैं, ऐसे में उनके इलाज के लिए जो compensation दिया जाता है, वह बहुत कम होता है।

4.00 **P.M.**

मैं मंत्री जी से यह निवेदन करूंगी कि इस Bill में वह इसे जरूर लाए। जहां इन्होंने मरने के बाद और permanent injury के लिए पैसा दिया है, वहां पर इलाज के लिए भी पैसा बढ़ाया जाना चाहिए। वे कहीं पर भी काम करते हैं और जो उनके मालिक हैं, जरूरी नहीं है कि वे उन लोगों को नौकरी पर वापस रख लें। इनको यह बात भी इसमें लानी चाहिए कि जिस जगह पर जिन employees का काम करते समय accident हुआ, चाहे वह कोयले की खदान हो या कोई और जगह हो, वहाँ पर उनको दोबारा service मिले, उन्हें employment मिले। इन्हें इसका भी प्रावधान होना चाहिए, क्योंकि वे लोग इन्हें कह देते हैं कि "नहीं-नहीं, अब आप काम करने के योग्य नहीं रहे।" वे लोग न तो permanent disabled होते हैं कि बेड पर पड़े हैं और न ही वे कहीं और जा पाते हैं। इसलिए इस बात का भी प्रावधान इसमें जरूर रखना चाहिए। इसके साथ ही उनकी treatment के लिए ज्यादा-से-ज्यादा compensation होना चाहिए, क्योंकि बीमारी के बाद इलाज के समय उनके पास इतना पैसा नहीं होता, जिसके कारण वे ढंग से इलाज नहीं करवा सकते हैं। इसलिए मैं यह चाहूँगी कि इसमें यह एक provision जरूर रखना चाहिए, जिससे कि इलाज के लिए उन्हें ज्यादा-से-ज्यादा compensation मिल सके, उन्हें ज्यादा-से-ज्यादा पैसा मिल सके, चाहे वे जिनके employees हैं, वे इन्हें दें या Government दे। इस प्रकार जिस तरह से भी हो, इसका प्रावधान इसमें रखना चाहिए।

दूसरी बात यह है कि compensation देने में बहुत विलम्ब हो जाती है। जैसा इन्होंने कहा कि जो tribunal बने हैं, उनमें Commissioners ही नहीं हैं। मैं यह कहना चाहूँगी कि जैसे अभी हमारे यहाँ रोहतांग में मजदूरों की death हुई है। वे बाहर के मजदूर थे। यहाँ तक कि उन लोगों के रिश्तेदारों को यहाँ आने के लिए पैसे नहीं थे। इन्होंने डी0सी0, कुल्लू को कहा कि आप इनका दाह संस्कार यहीं कर दीजिए। अब मुझे यह बताइए कि ऐसे में वे compensation के लिए इतनी दूर, दूसरे स्टेट में, कैसे आएँगे? उनके पास किराए के लिए इतने पैसे कहाँ हैं? इस तरह इसमें एक प्रावधान यह भी होना चाहिए कि चाहे तो उनका केस वहाँ की कोर्ट में transfer हो जाए या वहाँ की गवर्नमेंट को लिखा जाए कि "इतने-इतने लोगों का ऐसा हुआ है, यह Death Certificate है, यह उनका पूरा ब्योरा है", जिससे कि वहाँ की गवर्नमेंट ही उनको compensation दे सके। क्योंकि, यह जो आना होता है और बार-बार चक्कर लगाने होते हैं, इसमें उतना compensation नहीं मिलता जितना उन लोगों का खर्च हो जाता है। जो एक aggrieved employee है, ठीक है, आपने उसे "**मजूदर**" से "Employee" कर दिया, यह एक dignified बात है, लेकिन उसके रिश्तेदार कहाँ आ पाएँगे, कहाँ वे जा पाएँगे? इसी में वे चक्कर लगाते रहते हैं, उनकी correspondence होती रहती है। इसमें छः-छः महीने बीत जाते हैं, लेकिन उनको compensation नहीं मिलता। सर, मेरा निवेदन है कि इस तरह का प्रावधान रखा जाए।

तीसरी बात यह है कि अभी सभी ने Contractors की बात कही। मैं भी कहूँगी कि जो factories हैं, जो असली हैं, वे बहुत कम मजदूर रखती हैं, बहुत कम employee रखती हैं, बाकी contract पर रखती हैं। Contractor के साथ उनका कोई मेल नहीं होता। अगर contract के अन्दर किसी employee की या किसी मजदूर की या किसी की भी death हो जाती है या accident में कुछ हो जाता है, तो उसे कुछ नहीं मिलता। इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए। यह contract का जो system है, इसको खत्म करके, यह कहा जाना चाहिए कि आप direct और सही employees रखिए, जिससे कि उन लोगों को फायदा हो सके या जिससे कि इन चीजों के लिए जो bills आ रहे हैं या जो amendments आ रही हैं, इनका वे फायदा उठा सकें। इतना कहते हुए मैं आपको धन्यवाद देती हूँ कि आपने मुझे समय दिया।

श्री रुद्रनारायण पाणि (उड़ीसा): उपसभाध्यक्ष महोदय, जब भाषा को लेकर देश में विवाद होता है, तब इस संसद में हम जो भी कार्य करते हैं, सारा कुछ भाषा की दृष्टि से ध्यान देते हुए किया जाना चाहिए या फिर इसमें अगर कोई तकनीकी त्रुटि है, उसे भी मंत्री महोदय को देखना चाहिए। जैसे इसमें अंग्रेजी में "as passed

by Lok Sabha on 25th November" लिखा हुआ है। यह हमको दिया गया है। इसमें कहा गया है कि "This Act may be called The Workmen's Compensation (Amendment) Act." हालांकि मंत्री जी ने कहा कि उनको "employees" नाम देंगे। English में लिखा है "This Act may be called" वहीं हिन्दी में इसमें लिखा है कि 'इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम "कर्मकार प्रतिकर (संशोधन) अधिनियम, 2009" है।' अंग्रेजी में "may be" और हिन्दी में "यह है" लिखा है। लोक सभा ने इसे पारित करके हमारे सदन में दिया है।

महोदय, मंत्री जी ने कहा है कि इसमें "कर्मकार प्रतिकर" के स्थान पर "कर्मकार प्रतिकर" कर देंगे, लेकिन हमें जो पेपर दिया गया है, उसमें ऐसा नहीं है। यह एक महज संयोग की बात है। अगर माननीय मंत्री महोदय को इस तर्क का या इस वितर्क का पहला वक्ता माना जाए...। माननीय मंत्री महोदय कर्णाटक से आते हैं और हमारे विपक्ष की ओर से पहले स्पीकर श्री शणप्पा जी भी कर्णाटक के हैं। कांग्रेस की ओर से जो पहले स्पीकर थे, जिनको हम दूसरा स्पीकर मानेंगे, श्री खूंटिआ जी, वह संयोग से उड़ीसा से आते हैं और भाजपा का दूसरा स्पीकर, मैं भी उड़ीसा से आता हूँ। यहाँ पर अभी तक जितने सदस्य बोले, बहुत ही धनात्मक ढंग से बोले। चाहे वह सीपीआई के हों या सीपीएम के हों, यहाँ तक कि कांग्रेस की जो दूसरी वक्ता श्रीमती विप्लव ठाकुर जी हैं, हम आपस में नोक-झोंक करते हैं, लेकिन आज उनका यहाँ पर जो भाषण रहा, वह बहुत ही धनात्मक रहा। इसमें पार्टी का मामला नहीं रहा, लेकिन यह संयोग और दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस के पहले वक्ता, जो कि एक ट्रेड यूनियनिस्ट हैं, श्रमिक आंदोलन से आते हैं, उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ही सारे श्रम कानून लाती है। उन्होंने इसका राजनीतिकरण कर दिया।

महोदय, स्टैंडिंग कमेटी की जो रिपोर्ट है, उसके पेज़ 4 के पैरा 8 में है,

"The funeral expenses of the deceased employee have been proposed to be raised to Rs. 3,000 from Rs. 2500. When the Committee sought to know that since when Rs. 2500 was being paid as funeral expenses, and whether it was sufficient to meet the entire expenditure, the Ministry, in their written reply, stated as under: "The funeral expenses was increased from Rs.1,000 to Rs.2500 with effect from 8th December, 2000." उसके बाद, ईएसआई कितना दिया जाता है, उसका जिक्र किया गया है।

महोदय, मैं संयोग से इस स्टैंडिंग कमेटी में मैम्बर हूँ। उस समय स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन सीपीआई के श्री सुरावरम सुधाकर रेड्डी जी थे। उस समय हमारी कमेटी ने यह प्रश्न किया कि क्या इस ढाई हजार से काम चलेगा? क्या तीन हजार से काम चलेगा? उन्होंने कहा कि 2000 में उसको एक हजार से ढाई हजार बढ़ाया गया था। मैं यह पूछना चाहता हूँ कि 2000 में किसकी सरकार थी? सारी दुनिया जानती है कि 2000 में राजग की सरकार थी और उसके प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी थे। अगर इस कानून के अंदर सरकार, मंत्रिमंडल और मंत्रालय सख्ती लेना चाहता है कि हम समय-समय पर इसकी बढ़ोत्तरी करेंगे, महंगाई के कारण हम इसमें बढ़ोत्तरी करेंगे और प्रत्येक समय जो बढ़ोत्तरी होगी, उसके लिए हम संसद के पास नहीं जाएंगे। यह enactment होता है, यह तो संशोधन का कानून है। यह इस देश के श्रमिकों के लिए, इस देश के मजदूरों के लिए बहुत कुछ देने वाला कानून नहीं है। आप केवल इसके एक शब्द का परिवर्तन करते हैं। "कर्मकार" से "कर्मचारी" करते हैं, "workmen" से "employees" करते हैं और जो ढाई-तीन हजार आप देते हैं, उसकी सीलिंग को आप बढ़ाते हैं।

महोदय, आज सरकार के मन में एकाधिकार वाली भावना नहीं होनी चाहिए। यह सरकार पंडित जवाहरलाल नेहरू , इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की बहुमत वाली सरकार जैसी सरकार नहीं है। यह सरकार आज भी बैसाखी के आधार पर चल रही है। यह बात सही है कि पिछली बार कांग्रेस के 145 मैम्बर्स

जीते थे और आज 206 मैम्बर्स हैं। महोदय, यह सरकार आज भी यूपीए की सरकार कहलाती है। यह कांग्रेस की सरकार नहीं है। ध्यान देना चाहिए कि महंगाई को किस प्रकार बढ़ाया जाता है। स्टैंडिंग कमेटी के बारे में भी कहा गया।

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK (Goa): However, it is the Congress-led Government.

श्री रुद्रनारायण पाणि : शान्ताराम जी, आप यह घमंड अपने मन में मत रखिये। यह Congress-led सरकार हो सकती है, but, it is not the Congress Government as it was the Government of Shrimati Indira Gandhi, or as it was the Government of Pandit Jawaharlal Nehru. महोदय, मेरा विषय इतना है कि एक साल पहले दिसम्बर ...(**व्यवधान**) ...

श्री विजय जवाहरलाल दर्डा (महाराष्ट्र) : पाणि जी, आपने इंदिरा जी को compliment दिया, इसके लिए धन्यवाद।

श्री रुद्रनारायण पाणि : लेकिन इंदिरा जी के शासन करने का जो तरीका था, आज वह आपमें नहीं है और आगे चल कर यह पता चल जाएगा। महोदय, मेरा यह कहना था कि दिसम्बर, 2008 को स्टेंडिंग कमिटी ने इस पर सोचा था। मंत्री महोदय शुरु में बोले कि स्टेंडिंग कमिटी ने जो-जो सुझाव दिए हैं, उनको हमने वैसे ही ग्रहण कर लिया है, यह पूरा सत्य नहीं है, कहा जा सकता है कि यह 75% सत्य है। महोदय, स्टेंडिंग कमिटी ने कहा था कि कॉंट्रेक्ट लेबर को भी इसमें शामिल करिए। आप कर्मकार शब्द को कर्मचारी में परिवर्तित करते हैं, आप कहते हैं कि स्टेंडिंग कमिटी ने उस समय पांच हजार किया था, इसलिए हम मान लेते हैं, किन्तु स्टेंडिंग कमिटी ने उस समय कहा था कि कॉंट्रेक्ट लेबर्स को आप इसमें शामिल कीजिए, क्या आप उसको ग्रहण किए हैं? मैं आपसे एक प्रश्न करना चाहता हूं कि दिसम्बर, 2008 में दाल का क्या भाव था, आज दाल का क्या भाव है? उस समय चावल का क्या भाव था? मैं आप ही के शासन के समय की बात कर रहा हूं। मैं अटल जी के शासन के समय की बात नहीं करता हूं, उस समय तो महंगाई को बांधा गया था। किन्तु, मैं पूछना चाहता हूं कि 2008 में जो कीमत थी, क्या आज 2009 में वही कीमत है? नहीं है। दोबारा सत्ता में आने के बाद आपने महंगाई इतनी बढ़ा दी है, यह एक अलग विषय है, इसलिए मैं इसमें नहीं जाना चाहता हूं। महंगाई जो बढ़ी है, यह सर्वस्वीकृत है और इसने कर्मचारी, कर्मकार और गरीब मजदूर की ही नहीं, बल्कि मिडल क्लॉस और अपर मिडल क्लॉस के लोगों की कमर को भी तोड़ दिया है। यह एक अलग विषय है, किन्तु सरकार को इस पर गौर करना चाहिए कि जितनी इसमें बढ़ोत्तरी की गई है, उतनी उनको प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए आपको इसके बारे में सोचना होगा। मैं आपसे कह रहा था कि आपने केवल employee करके इसको gender neutral कर दिया है, इससे आप शाबाशी मत लीजिए, यह शाबाशी आप मत लीजिए। व्याकरण के लिए आपको असुविधा होती थी, इसलिए आपने इसे gender neutral कर दिया है, यह कोई महत्वपूर्ण मुद्दा नहीं है।

आज आप भारत निर्माण की बात करते हैं। आज देश में शारीरिक श्रम के प्रति एक श्रद्धा का जागरण हुआ है। मैं यहां पर कई बार कह चुका हूं कि जो सुपरवाइज़री बात करते हैं, जो केवल बैठकर भाषण दे देते हैं, उनसे काम नहीं होता है। आप किसी भी डिसीजन को लेने के लिए बैठक करते हैं, लेकिन बैठक के लिए जो कुर्सी लाता है, बैठक के लिए जो चाय लेकर आता है, वही शारीरिक परिश्रम करता है। हमने महात्मा गांधी को महात्मा इसीलिए कहा क्योंकि वे केवल भाषण नहीं देते थे, वे आपको केवल सुझाव नहीं देते थे, बल्कि साथ ही साथ वे परिश्रम करते थे। इसलिए जो वर्कमैन था, वह श्रमजीवी के आधार पर था। आज दुनिया में दृष्टिकोण बदला है, हरेक काम के लिए लोग लड़ रहे हैं। इसलिए वर्कमैन से आप इम्प्लॉयी तक आए हैं, कर्मकार से

आप कर्मचारी तक आए हैं, श्रमिक से आप कर्मचारी तक आए हैं। मैं आपको बताना चाहूंगा, मेरे मित्र श्री आर0सी0 सिंह भी कह रहे थे कि इस देश में लगभग 40 करोड़ असंगठित क्षेत्र के लोग हैं। 40 क्या, 45 करोड़ भी असंगठित क्षेत्र में होंगे। खेत में जो काम करता है, उस खेत किसान, खेत मजदूर के बारे में आपका दृष्टिकोण क्या है? आपने पिछले साल असंगठित क्षेत्र के विधेयक को यहां पर कानून में तब्दील किया और वाहवाही लेनी शुरु कर दी कि हमारी सरकार ने असंगठित क्षेत्र के लिए कानून बना दिया है, किन्तु उसके लिए आर्थिक प्रावधान कहां पर हैं? हमने कहा था और संयोग से श्री अर्जुन कुमार सेनगुप्त जी किसके विचार से संसद में आए हुए हैं, यह दुनिया को पता है। श्री अर्जुन कुमार सेनगुप्त जी हमारी लेबर कमिटी में थे और उन्होंने एक सुझाव दिया था कि नाबार्ड की तर्ज पर नेशनल सोशल सिक्युरिटी फंड क्रिएट किया जाए और उसी फंड से ही आप जिस सोशल सिक्युरिटी की बात करते हैं, उसके लिए स्कीम चलाएं, उसके लिए उसी से आप फंडिंग करें। Without making any provision for funds, you are claiming that you have passed the Bill, and, enacted the Act, namely, the Unorganized Workersङ Social Security Act. किन्तु, उसके लिए पैसे का कोई प्रावधान नहीं है, इसके बारे में आपको ध्यान देना होगा। आपने उस समय कहा था कि इस देश के खेतिहर मजदूरों के लिए आप एक कम्प्रिहेंसिव बिल लाएंगे। हमने भी बार-बार डिमांड की थी कि खेत में जो गरीब किसान काम करते हैं, जो सीमांत किसान काम करते हैं, जो marginal farmers काम करते हैं, जिनको हमारी उड़िया भाषा में "भागोचासी" कहते हैं, आज उनकी हालत बहुत खराब हो गई है। आप उनको किसानों और मज़दूरों में मत बांटिए। वह आधा एकड़ जमीन का मालिक है, वह अपनी ज़िंदगी उसी में दे देता है, वहां पर वह काम करता है, वह खेतिहर मज़दूर के बराबर है, उसकी सोशल सिक्योरिटी के बारे में आप क्या सोचते हैं? आज खेतिहर मज़दूर की जो liabilities हैं, उनके बारे में आप क्या कर रहे हैं? आपने कहा था कि खेतिहर मज़दूर के बारे में आप एक Comprehensive Bill लाएंगे, वह आज तक आप नहीं ला पाए हैं।

आप वाहवाही लूटते हैं कि "नरेगा" के माध्यम से हमने इतना employment दिया। आज सुबह प्रश्न काल में "नरेगा" के ऊपर हंगामा भी हुआ। जो लोग "नरेगा" में काम करते हैं, अगर उनमें से किसी के साथ हादसा हो जाए, किसी एक्सीडेंट में कोई मर जाए, तो उसके लिए आप कहां से प्रावधान करेंगे? इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जो बिल है, पूरा का पूरा हाउस इसका समर्थन कर रहा है, इसलिए यह पारित हो जाएगा, लेकिन आपको इस बात की ओर ध्यान देना होगा कि इस देश में असंगठित क्षेत्र के नाम पर जो आंगनवाड़ी के वर्कर्स हैं, "नरेगा" के तहत काम करने वाले लोग हैं, खेतिहर मज़दूर हैं, इन लोगों को आप कोई हादसा होने पर कैसे मुआवजय देंगे, इसके लिए आपको ढंग से सोचना होगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस बिल में एक विषय है, जो रेलवे के बारे में है। रेलवे के कर्मचारियों का इसमें समावेश करने के लिए एक क्लाज़ भी है। अंत में मैं इतना कहूंगा कि यह तो समाविष्ट हो गया है, हम लोग समर्थन दे रहे हैं, लेकिन आप अगर कर्मचारियों का हित चाहते हैं, "कर्मचारी" शब्द के अंतर्गत जितने लोग हैं, अगर उन सबका कल्याण आप चाहते हैं, तो मैं आपसे कहना चाहता हूं कि कर्मचारी की एक ही मानसिकता होती है, जो कि इस देश की मानसिकता है और वह लोकतंत्रीय मानसिकता है। कर्मचारी हमेशा चाहता है कि एक प्रकार से चुनाव के माध्यम से उसका उस समय का नेता तय हो। इसलिए रेलवे के कर्मचारियों के नेताओं के चुनाव की व्यवस्था जो 2005 में हुई, वह पारदर्शी नहीं थी, उसमें श्रम मंत्रालय कोई हस्तक्षेप नहीं कर पाया। इसलिए मैं इस मौके का लाभ उठाते हुए माननीय श्रम मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि 3-4 साल हो गए हैं, रेलवे के कर्मचारियों के नेताओं के चुनाव विधिवत जयेनवाइज़ करवाने की ओर ध्यान दिया जाए।

इसी के साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि संसद के एक ही परिसर में बहुत से कर्मचारी काम करते हैं, सुरक्षा के कर्मी काम करते हैं, लोक सभा के कर्मचारी काम करते हैं, राज्य सभा के कर्मचारी काम करते हैं।

एक ही परिसर में काम करने वाले कर्मचारियों की तनख्वाह में, सुविधाओं में कोई विसंगति नहीं रहनी चाहिए। इसलिए मैं आपसे गहराई से निवेदन करता हूं कि राज्य सभा के जो कर्मचारी हैं, उन लोगों के प्रति भी न्याय किया जाए। लोक सभा के कर्मचारियों को जो सुविधा दी जाती है, समान सुविधा, राज्य सभा के कर्मचारियों को भी दी जाए। आपने मुझे इस विधेयक पर बोलने के लिए समय दिया और सभी लोगों ने इतना आग्रहपूर्वक मुझे सुना, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRI T.K. RANGARAJAN (Tamil Nadu): Thank you, Mr. Vice-Chairman. Sir, no Act, whether the colonial rule or the Congress rule, comes in the vacuum. Behind this Act, there was people's struggle, working class struggle. If you see the first Act of 1923, you can see that there was a lot of struggle before that Compensation Act. So, the rulers are forced to bring certain amendments, certain laws to protect the working class. That becomes a part of their job. Without struggle, no Act has come. Even the Compensation Act of 1923 came only like that. Some Acts, as correctly pointed out by my colleague, Tapan Kumar Sen, has correctly stated many Acts though they are there on papers, they are not implemented. The other day I made a Special Mention that no Central Act had been implemented in Sivakasi Fireworks. Thousands and thousands of workers are suffering. So, I want to suggest two things here. One, the compensation should be enhanced immediately in this Act. I want the Minister to consider that.

Two, under clause 25A, the Commissioner shall dispose of the matter relating to compensation under this Act within a period of three months from the date of reference. It is a good thing. But what happens is after the Commissioner gives an award, the concerned worker has to go through a process. First he has to go to civil court. If he gets any relief there, the employer moves the High Court and gets a stay. That is why thousands of cases are pending in the courts. So, I request the Minister to amend the Act and give the power of a civil court judge to the Commissioner. If you give the power of the civil court judge to the Commissioner, then also the employer can go to the High Court, but he has to deposit 50 per cent of the amount and the worker gets immediate relief. Now the worker is not getting any relief. The litigation goes on in the High Court and then the Supreme Court and in the meantime he dies. So, I request you to amend that and the Commissioner should have the power of a civil court judge. That must be considered.

Another thing I want to say is this. This power is not a new thing. The Provident Fund Authority is having that power. The ESI Authority has got that power. When these authorities can have this power, why not this Commissioner? Then only you will be doing justice.

You have already deleted Section 2(*n*) of this Act in the year 2000 Now I request you to delete Section 12. I am not a trader or a businessman. If I say I am not a businessman, I need not pay any compensation. So that section is already deleted in 2(*n*). Now I request the Minister to delete Section 12 also. Otherwise, many people will not get any compensation. I propose these two amendments.

I again request you to go through the occupational diseases. New occupations have come up. In most of the occupations, nothing has been done so far. The occupational diseases may vary from region to region. The State Government should be authorised to search for the occupations and perhaps an expert should be appointed to help it in finding other occupational diseases. This must be given. With this, I support the Bill.

श्री राजनीति प्रसाद (बिहार) : महोदय, मैं मिनिस्टर साहब को इतना बढ़िया बिल लाने के लिए धन्यवाद देता हूँ। मैं इस पर बहुत ज्यादा नहीं कहते हुए आपके माध्यम से केवल एक बात मिनिस्टर साहब से जानना चाहता हूँ। Sir, I am drawing your attention.

महोदय, मैं एक बात जानना चाहता हूँ, मैं भाषण नहीं देना चाहता हूँ, कि फैक्ट्री के जो regular employees हैं, उनका तो नाम है, लेकिन जो regular employees नहीं है, जो scheduled worker नहीं है और जिसको बाहर से बोरो किया गया है, अगर वह फैक्ट्री में कोई काम करता है और उसमें वह मर जाता है, तो who will pay the compensation? This has to be clarified.

The previous speaker has rightly said that if the Commissioner does not dispose of the case within three months, and if the compensation has not been paid partly or completely, then what will happen? अगर उसकी जगह कोई सिविल जज रहेगा, तो बढ़िया होगा, क्योंकि आपने कहा है कि तीन महीने के अंदर इसका dispose of हो जाना चाहिए। आप इसके बारे में clarify करेंगे कि अगर वह तीन महीने के अंदर dispose of नहीं होता है, तो क्या होगा? अगर तीन महीने के अंदर फैसला हो जाता है, तो उसका execution कैसे होगा और कौन execute करेगा? अगर execute करना है, तो क्या फैसला करने के बाद उनका जो प्रिंसिपल employer होगा, उनको आधा पैसा जमा करना है या नहीं जमा करना है? इसके बारे में भी क्लीयर करेंगे।

सर, एक और बात मैं कहना चाहूंगा कि क्रियाकर्म के लिए, funeral के लिए जो आपने कहा है कि 5000 रुपए देंगे, वह ठीक नहीं है। Funeral के लिए 5000 रुपए काफी नहीं हैं, इसका amount बढ़ाना चाहिए, क्योंकि सब चीजयें के दाम बढ़ गए हैं। जो electric cremation की मशीन है, उसके भी दाम बढ़ गए हैं, लकड़ी के दाम भी बढ़ गए हैं, इसलिए इस amount को थोड़ा बढ़ाना चाहिए।

अंत में मैं कहना चाहूंगा कि आपने 80,000 रुपए से जो थोड़ा बढ़ाया है, वह कम है, उसे थोड़ा और बढ़ाना चाहिए। आपने मिला-जुलाकर यह अच्छा काम किया है कि workman और workmen को employee और employees में परिवर्तित कर दिया है, यह बहुत अच्छी बात है। मैं समझता हूं कि ये जो बातें मैंने कही हैं, इन पर आप ज़रूर विचार करेंगे और इनका जवाब हमें ज़रूर देंगे, क्योंकि ऐसे हजयरों-लाखों मज़दूर हैं, जो फैक्ट्रियों में जाते हैं, काम करते हैं और कभी कोई चिमनी गिर गई, कहीं कोई devastation हो गया और वह मर गया, तो उसका पेमेंट कौन करेगा, कौन उसका employer होगा? मैं आशा करता हूं कि आप इस पर जरूर विचार करेंगे और इसके बारे में जरूर कोई नियम-कानून बनाएंगे, धन्यवाद।

SHRI SILVIUS CONDPAN (Assam): Thank you, Sir, for allowing me to participate in the discussion on the Workmen's Compensation (Amendment) Bill, 2009. I have gone through the proposed amendment to improve the position by paying compensation to the workers as and when it is necessary. And also, a mention has been made about the contract workers. But, Sir, I think the hon. Minister is not aware of it— I come from the tea plantation area of the North-

East—that there are a huge number of workers in the regular schedule of the employers. They are popularly known as "f*altoo*" workers. There is no contract system. They are engaged in the tea gardens, including factories, for years together and they do not easily come into the regular schedule. Some of them come only when their own relatives who are there in the regular schedule of the tea gardens retire as workmen. Now, you have changed the name from "workmen" to "employees". Then only, they can substitute and become regular workers. They are entitled to avail all the benefits available at various levels. So, I will request the Minister to take note of it, and if you just miss it, I think, the proposed Compensation (Amendment) Bill will not be able to do justice to a great section of workers who are there in the North-Eastern area. I do not know the position about the plantation workers. There, the plantation is included; I know. But for the plantation workers of South India and the plantation workers of North India and North-East, there are differences. This matter has been gone into; otherwise, the proposed amendment for compensation of workers will not do proper justice or intended justice to the workers. Therefore, I request you to take note of the so-called, or popularly known, "*faltoo*" workers in the tea plantations of West Bengal and Assam. There are a huge number of them. I don't know what entitlement or authority the employers have to have more unscheduled workers than scheduled workers. I don't want to dispute this thing. But this is the situation. In view of the existing situation, this Workmen's Compensation (Amendment) Bill is not going to do justice to the workers. Therefore, I request the hon. Minister, while thanking him for bringing forward this Amendment Bill, 2009, to take note of these serious lapses. Along with this, I would request him, and I will be happy, to examine the Minimum Wages Act also. The payment of compensation is all right. But it will be incomplete if the Minimum Wages Act is also not examined along with it. You have to examine whether the industrial establishments are really paying the minimum wages as fixed by the Wage Board. There are many instances where these things are not being followed. I am also a trade union activist. I have learnt from my own experience that the industrial establishments do not bother about paying the wages as prescribed under the Minimum Wages Act. The non-implementation of the Minimum Wages Act by the industrial establishments in various sectors has to be considered. Your intention to give a lot of relief to the workmen as proposed in this Bill will not be met unless the related Acts are also examined. You should see whether they are getting the due wages or not. I appreciate the amendments brought forward by the hon. Minister. I thank him because I also do trade union activities. This will really bring a lot of relief to the workmen if it is really implemented in the true sense of the words. With these submissions, I conclude and thank you very much.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Minister.

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA: Sir, I had asked a question about the jurisdiction. I had requested the Minister. Mr. Minister, before you reply to the debate, will you please let the House know how far the implementation of the law will be offshore and onshore?

श्रम और रोजगार मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन खरगे) : उपसभाध्यक्ष महोदय, सभी दलों की ओर से 12 सदस्यों ने अपने विचार सदन के सामने रखे हैं और बहुत सी अच्छी सलाहें भी उन्होंने दी हैं। जो बिल यहां पर पेश किया गया है, उसके बारे में उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए हैं और इसकी प्रशंसा भी की है, इसके लिए मैं सभी सदस्य मित्रों को धन्यवाद देता हूं।

[**उपसभापति महोदय** पीठासीन हुए]

महोदय, इस बिल को बनाने में स्टैंडिंग कमेटी का बहुत बड़ा हाथ है। इसके साथ ही जो पहले के मंत्री महोदय थे, माननीय श्री ऑस्कर फर्नांडिस जी ने बहुत कोशिश की और इस बिल को सदन में पेश किया लेकिन जैसा कि माननीय सांसद श्री तिरुची शिवा ने कहा है कि पार्लियामेंट भंग होने की वजह से इसको फिर से दुबारा यहां पर लाने की कोशिश की गयी। तो इन 12 सदस्यों ने और शणप्पा साहब ने, जो गुलबर्ग के बहुत बड़े नेता हैं, बात की। श्री रामचन्द्र खूंटिआ जी जो ट्रेड यूनियन लीडर हैं उन्होंने अपना विचार रखा। श्री तपन कुमार सेन जी, श्री वीर पाल सिंह यादव, उन्होंने भी अपने विचार रखे। श्री आर0 सी0 सिंह जी, श्री तिरुची शिवा, श्रीमती विप्लव ठाकुर, श्री रुद्रनारायण पाणि जी, श्री टी0के0 रंगराजन जी, श्री राजनीति प्रसाद जी और श्री सिलवियस कोंडपन, जो आसाम के सीनियर नेता हैं, सभी ने इस बिल का स्वागत किया है तथा कुछ संशय भी व्यक्त किए हैं। खासकर के इस बिल में जो कॉम्पनसेशन बढ़ाने की बात थी, वह कॉम्पनसेशन बहुत ही कम है और खास कर शणप्पा साहब ने यह कहा कि लेबर को देने में हम बहुत ही कंजूसी कर रहे हैं। तो ऐसी कोई बात नहीं है कि सैक्शन-2e में जो एम्प्लॉयर रेस्पांसिबल है, तो उस डेफिनिशन में वह एम्प्लॉयर तो देगा, लेकिन 2500 से जो 5000 हमने की है, वह स्टेंडिंग कमेटी की सलाह है। लेकिन उसमें एक प्रावधान है, इनेबलिंग क्लॉज है, आज प्राइस इंडेक्स के मुताबिक हम उसको बढ़ा सकते हैं। तो जब यहां बढ़ाने का प्रावधान है, इनेबलिंग क्लॉज है, तो उसमें कुछ संशय की जरूरत नहीं है। अगर जल्द से जल्द जरूरत है, तो डेफिनिटली उसको इनहान्स करने का अधिकार गवर्नमेंट को है और फिर से सदन में आने की जरूरत नहीं। अमेंडमेंट के लिए कई महीने लगते हैं, उससे छुटकारा भी मिल गया। तो जो सदस्यों के मन में संशय है, मैं यह कहना चाहता हूं कि वह दूर हो जाए और हम नोटिफिकेशन के जरिए इसको इनहान्स कर सकते हैं और प्राइस इंडेक्स के मुताबिक करने के लिए ही वह एक प्रावधान रखा है। लेकिन जो अब 2500 है उसका अमेंडमेंट मैं समझता हूं कि सन् 2000 में कुछ हुआ है।.....(**व्यवधान**)

सन् 2000 में 2500 था। अब उसको आप ही ने 5000 बनाकर दिया है। फिर उसको बढ़ाना भी है तो डेफिनिटली गवर्नमेंट उसके बारे में सोचेगी और अगर उसकी जरूरत है तो वह करेगी। दूसरी चीज, फैक्टरी ऐक्ट के बारे में भी यहां बोले। वे सारी चीजें अलग हैं, फैक्टरी ऐक्ट हो या ई0एस0आई0 का अमेंडमेंट हो या इण्डस्ट्रियल डिस्प्यूट ऐक्ट का अमेंडमेंट हो, ये एक के बाद एक इस सदन में आएंगे। मैं यह ही कोशिश करुंगा कि उस वक्त भी आप तमाम सदस्यगण उन ऐक्ट के अमेंडमेंट में मदद करेंगे। इसके बाद माननीय सदस्यों ने पूछा है कि सरकार ने स्टैंडिंग कमेटी के कितने सजेसन्स या रिकमंडेशन्स को स्वीकार किया है। इसके बारे में बताना चाहता हूं कि हमारे पास जो इन्फॉरमेशन है, उस इन्फॉरमेशन के मुताबिक more or less हो सकता है एक या दो में कुछ बदलाव हो या डेफिनेशन में उसके रहने की वजह से, उसको हमने अलग रखा है, लेकिन more or less जितने भी स्टैंडिंग कमेटी के सजेसन्स हैं या रिकमंडेशन्स हैं, उनको हमने माना है, चाहे वह डिसेबल्ड का हो या डेथ के बाद compensation देने का हो, उसके लिए भी हमने enabling clause रखी है, उसको भी हमने बढ़ाने का प्रावधान किया है। चाहे वह funeral expenses, चाहे वह disability का compensation हो, चाहे डेथ के बाद देने का compensation हो, इसको बढ़ाने के लिए प्राइस इंडेक्स के मुताबिक enabling clause करने की वजह से ज्यादा से ज्यादा करते जाएंगे, यह तो मिनीमम है, मैक्सिमम के लिए भी शैड्यूल 4 में प्रावधान है। जो सबसे कम उम्र वाला व्यक्ति होता है, यदि ऐसे कामों में, जो भी हैजार्डस वर्क्स हैं, उन वर्क्स में, occupations में, वह अपनी जान गंवा देता है, मर जाता है या disable होता है, तो

उसके लिए एक केलकुलेशन है। इसमें उसकी चार-पांच लाख तक compensation बनती है, कम से कम एक लाख, डेढ़ लाख तक compensation बनती है, इसका पूरा शैड्यूल आपको मालूम है, इसलिए इसको बताने की जरूरत नहीं है। इसका शैड्यूल 4 में आलरेडी प्रॉविजन है और शैड्यूल 2 और 3 में भी जो हैजार्डस वर्क्स हैं, occupations हैं, उसकी एक लिस्ट है। अगर कोई occupation इस लिस्ट में नहीं है, शैड्यूल 2 और 3 में नहीं है, उसको शैड्यूल 2 और 3 में शामिल करने के लिए एक स्टेट लेवल पर और सेंट्रल गवर्नमेंट में एक कमेटी होती है। अगर वह कमेटी यह महसूस करती है कि पर्टिकुलर कोई काम हैजार्डस है, वह हानिकारक है, तो उसको वह कमेटी इस शैड्यूल में तीन महीने का नोटिस देकर शामिल कर सकती है। इसलिए इसमें कोई दिक्कत नहीं है। यह flexible है और हमने इस शैड्यूल 2 में जो भी restrictions थे, पहले एक कानून लागू था कि जहां पर 10 से ज्यादा मजदूर काम करते थे, वहां पर यह नियम लागू था या 15 से ज्यादा थे, उन्हीं पर लागू था, तो उन सारी चीजों को हटा दिया है और अगर एक आदमी भी काम करता है, उसको compensation देना चाहिए, इसका हमने इसमें प्रावधान किया है और इस अमेंडमेंट को आप पास कर रहे हैं। यह सबसे बड़ी बात है कि अगर एक आदमी भी नुकसान या हानिकारक occupation में काम करता है, उसको भी मुआवजा देना चाहिए। जब इस एक्ट में इतना बड़ा प्रावधान है, तो मैं समझता हूं कि आपको चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। अगर इस तरह का और कोई occupation भी आता है, तो उसके लिए इसमें गुंजाइश है और उसको इसमें इन्क्लूड कर सकते हैं।

डेफिनेशन के बारे में बात कही गई है। वर्कमैन के बजाए एम्पलाई शब्द एक्ट में क्यों किया है, इसके बारे में पूछा गया है। इसके बारे में बहुत से माननीय सदस्य जानते हैं कि आजकल जेंडर न्युट्रल का जमाना है, अगर सिर्फ वर्कमैन बोले, तो बोलते हैं कि क्यों वर्कमैन बोले, तो इसीलिए उसको बदला गया है। सेकेंड लेबर कांफ्रेंस में जो इसके लिए रिकमंडेशन्स आईं थीं, उन रिकमंडेशन्स के आधार पर इसको बदलकर हमने Title से लेकर Preamble तक हर जगह पर जहां कहीं वर्कमैन है, उस जगह पर हमने एम्पलाई शब्द को रखा है। ये सारी चीजें हम इस बिल में लाए हैं और सभी सदस्यों ने इसका बहुत वेलकम किया है। जो खासकर पांच सुझाव हैं, वे पांचों वर्कर्ज के फेवर में हैं। हमने इसमें एक और नया प्रावधान किया है, जो रिएमबर्समेंट ऑफ actual medical expenses है। पहले यह actual medical expenses देने का या रेमिट करने का प्रावधान नहीं था। अब हमने उसको लागू किया है। हमें वर्कर्ज को actual medical expenses देना चाहिए। हमने यह वायदा भी पूरा किया है। पहले कमिश्नर की क्वालिफिकेशन थी, यानी workmen compensation में जो कमिश्नर के पद को नोटिफाइ किया जाता था, उसमें कोई क्वालिफिकेशन नहीं होती थी, डेफिनिशन में सिर्फ any person लिखा होता था, उसमें जैसे जजों के लिए लीगल क्वालिफिकेशन है, ऐसे ही करते थे। अब स्टेंडिंग कमेटी के सुझाव के अनुसार हमने उसमें विस्तार किया है, not only advocates, retired judges, gazetted officers और दूसरे HRD आदि के जो कोर्सेज़ करते हैं, उनको भी Workmen Compensation Act के तहत नोटिफाइ करने का अधिकार देना तय किया है। इससे हमें बहुत से अधिकारी मिल जाते हैं और जो भी vacancies होंगी, उनको भरना भी आसान होगा। दूसरी बात यह है कि जिनको बहुत नॉलेज़ है, हम उनको भी नोमिनेट कर सकते हैं, इसलिए बहुत से सदस्यों ने इसके बारे में एप्रिसिएशन भी किया है। Workmen Compensation और ESI को हमें अलग-अलग देखना चाहिए। जहां पर ESI का बेनिफिट मिलता है, उनको इससे रोकने के लिए क्या फायदा होगा? आप उनको इससे क्यों रोकते हैं? Workmenऽs Compensation में भी यह फायदा होना चाहिए और ESI में भी देना चाहिए। इससे यह होता है कि एक वर्कर को Compensation मिलता है और दूसरे वर्कर को Compensation न मिलने की वजह से heart-burning होती है। इसलिए हमने यह एक अच्छा काम करने की कोशिश की है। दूसरे, प्रेज़िडेंट ऑफ इंडिया के पास जाने से इसमें देरी हो जाएगी। जिस दिन यह प्रेज़िडेंट ऑफ इंडिया से आता है, उसी दिन इसको नोटिफाइ करके लागू करना चाहिए, नहीं तो फिर इसको सरकार में वक्त लगेगा, टाइम लगेगा, माननीय सदस्यों ने ऐसा संशय व्यक्त किया

है। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं, आश्वासन देता हूं कि as soon as President का assent आएगा, तो डेफिनेटली हम नोटिफिकेशन जल्द से जल्द इश्यु करेंगे। हम इसमें कोई देरी नहीं करेंगे। अगर देरी करेंगे, तो यहां कानून लाकर भी उसका कोई फायदा नहीं होगा। मैंने स्टेट में भी ऐसे बहुत से कानून देखे हैं और यहां भी ऐसे कानून हो सकते हैं कि वे कानून पास तो होते हैं, बिल पास होते हैं, लेकिन from the date of notification बोलने से कई दफा वह notification नहीं होता है और वह ऐसे ही पड़ा रहता है। हमें इस बात का पूरा-पूरा ख्याल है और हम इसके बारे में जानते हैं कि वहां से assent होकर आने के बाद हम नोटिफाई कर देंगे। एक बात कोर्सेज की हुई है। वह तो हमारे डेफिनिशन में है और हमने उसको 2-D में रखा है। आपने भी अमेंडमेंट में देखा होगा।

It covers the whole of India as per section 1(ii), which includes operational area. हम जो नया अमेंडमेंट लाए हैं It also covers the overseas. उसमें कोई दिक्कत नहीं है, इसलिए अब यह समस्या भी आपके सामने नहीं होगी। अभी माननीय सदस्यों ने एक सवाल उठाया कि जो वर्कमैन कम्पेनसेशन मिलता है, अगर बहुत से बाहर के कामगार दूसरी किसी स्टेट में जाते हैं, ट्रांसफर होते हैं या ट्रैवल करते हैं, फोर एग्जेम्पल बिहार के वर्कर्स दिल्ली में आए या बिहार के वर्कर्स कर्नाटक में आए, तमिलनाडु में आए, तमिलनाडु के वर्कर्स आंध्र में गए या आंध्र के उधर गए, उनके लिए यह केस फोलो करना बहुत मुश्किल होगा और उनको कम्पेनसेशन मिलने में दिक्कत होती है, आपका ऐसा कहना है, इसके लिए Under section 21(ii), the commissioner can transfer the cases to other commissioner within the State or outside the State. It can avoid the expenses and frequent visits to the offices. ये सारी चीजें हमने इसमें की हैं, लेकिन एक बात एनकोड करना इसमें संभव नहीं है, हम इसके बारे में जरूर सोचेंगे कि जो सिविल कोर्ट ज्यूरिसडिक्शन कमिश्नर को देना चाहिए कि जो डिसीजन देते हैं, तीन महीने के अंदर, उसको एग्जिक्यूट करने के लिए जो वक्त लगता है, वह फिफ्टी परसेंट अमाउंट डिपोजिट करके जाएगा। वह प्रावधान इसमें नहीं है। इसे करने की आपकी सलाह है, यह अच्छी सलाह है, हम डेफिनिटली इस पर सोचेंगे। यह एक बहुत बढ़िया सलाह आपने दी है, मैं इसका स्वागत करता हूं, लेकिन फिलहाल इस बिल में यह नहीं है। एक बात और है कि यह कांट्रेक्ट् लेबर्स पर लागू होगा कि नहीं या कैजुअल लेबर्स पर होगा। In other words, an employee henceforth working either on casual or contract basis whether engaged directly or indirectly is covered within the existing definition. What we have proposed is just to replace the word 'workmen' with 'employees'. Therefore, everything depends on implementation. The implementation of the Act lies with the State Government. Yes, we all can try; Members of Parliament can try, the Government of India will try; every one of us can try our best to implement it. But, ultimately, the State Government should have a commitment to implement it. That is the most important thing. Unless we have the mind and the heart, I do not think passage of any number of laws will not help. But, to really help or assist them, all the State Governments should work on this issue and ये बहुत अच्छे अमेंडमेंट्स हैं और करोड़ों वर्कर्स को इससे फायदा होगा। मुझे खुशी है कि सदन के सारे सदस्यों ने इसको एकमत से सपोर्ट दिया है। मैं आप तमाम माननीय सदस्यों को धन्यवाद देता हूं।

SHRI T.K. RANGARAJAN (Tamil Nadu): I suggested that the commissioner's power is not mentioned there. The commissioner must have power like the civil court judge or the provident fund commissioner or the ESI commissioner. If the Commission has not given any power nobody will deposit 50 per cent amount in the Commissioner's office. That must be given first. The second thing is, delete Section 12. Section 12 should not be there. You have already deleted Section 2 (n).

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has appreciated your suggestion.

SHRI T. K. RANGARAJAN: Mere appreciation will not help the worker.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, it cannot be done.

श्री रुद्रनारायण पाणि : सर, नजमा जी ने जो कहा था, इसके बारे में मंत्री जी ने कुछ नहीं कहा।

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Since you are a senior man and you have got more knowledge in this, but, still I will bring to your kind notice Section 23, the powers and procedure of Commissioners. "The Commissioner shall have all powers of a civil court under the code of civil procedure, 1908 for the purpose of taking evidence on oath which such Commissioner is hereby empowered to impose and for enforcing the attendance of witnesses and compelling the production of documents and material objects and the Commissioner shall be deemed to be a civil court for all the purposes."

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला : सर, हमारे सवाल का जवाब नहीं आया।

श्री उपसभापति : आपका क्या सवाल था?

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला : सर, मैंने दो बार पूछा था।

श्री उपसभापति : मंत्री जी, आपने इनके सवाल का जवाब नहीं दिया।

श्री मल्लिकार्जुन खरगे : सर, मैंने जवाब दिया, लेकिन वे बात कर रही थीं।

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA: I am sorry. Can you repeat it? I am very sorry.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: It covers the whole of India as per Section 1(2) and it also includes abroad. यह अमेंडमेंट में 2(d) में इसके Definition में है।

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA: What about territorial water, Deep sea?

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: It covers territorial water, sea, air, everything.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

That the Bill further to amend the Workmen's Compensation (Amendment) Bill, 2009, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

The question was put and the motion was adopted

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up Clause-by-Clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 10 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Sir, I beg to move:

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned to meet tomorrow at 11.00 A.M.

The House then adjourned at fifty-eight minutes past four of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 2nd December, 2009.